Telephone Directory for Calcutta

*403. SHRI VISHNU KANT SHAS-TRI : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to refer to answer to Unstarred Questions 864 and 41 given in the Rajya Sabha on the 3rd August, 1993 and 22nd February, 1994, respectively and state :

(a) by when the Calcuttatelephone directory, 1989, will bepublished; and

(b) whether Government propose to compensate the subscribers in Calcutta for non-supply of telephone directory to them for so long, as they are to make extra calls to ascertain the correct telephone number before dialling the desired number[1] ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU) : Sir, I am answering on behalf of Shri Sukh Ram.

(a) The next issue of Calcutta Telephone Directory is expected to be published at the end of 1994.

(b) No, Sir. As the directory enquiry service (197) is free, no compensation is necessary.

श्री विष्णु कान्त शास्त्री : माननीय सभापति जी, यह इतना बड़ा अत्याचार भारत के एक प्रमुख महानगर पर किया जा रहा है जिसको देखकर आश्चर्य होता है। 1989 से लेकर 1994 तक कलकत्ता में कोई टेलीफोन डायरेक्टरी प्रकाशित नहीं हुई, इसके कारण क्या है ? हम लोगों को बहुत गहरा संदेह है कि इसके पीछे एक बहुत बड़ा षडयंत्र है। पिछली बार उत्तर में यह बताया गया था कि एक संविदाकार को, कांट्रेक्टर को इसे प्रकाशित करने का संविदा दिया गया था। उसने करोड़ों रुपए के विज्ञापन लिए और उन करोड़ों रुपयों के विज्ञापन लेने के बाद भी उसने कोई टेलीफोन निर्देशिका प्रकाशित नहीं की और हमारी सरकार ने केवल उसका संविदा रद्द कर दिया, उसकी दी हुई जमानत जब्त कर ली। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या उस घोटाले की कोई जांच की गई, जो अपराधी पाए गए उनको क्या कोई दंड दिया गया और क्या सरकार ऐसे संविदा करने के लिए फिर तैयार होगी या नहीं होगी ? यह बहुत बड़ा अन्याय भारत सरकार ने पश्चिमी बंगाल के ऊपर, कलकत्ता के ऊपर किया है और इसका उन्हें कुछ प्रायश्चित करना चाहिए और बताना चाहिए कि वह क्या कर रही है।

SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU : Mr. Chairman, Sir, I submit that there is no conspiracy to deny the directory to the subscribers in Calcutta. I shall narrate the circumstances briefly.

After 1989, the publication of the Calcutta Telephone Directory was initially entrusted to one company called "U.D.I." for five years from 1988 to 1992. The company brought out the 1988 and 1989 issues but failed to bring out the remaining issues. The contract with the company was terminated, the guarantee money was forfeited and legal action has been initiated against the company for recovery of the damages. A fresh tender was floated in July, 1993. M/s. Aman Publications Ltd. were selected to undertake the job for five years from 1993 to 1997.

The firm failed to deposit security money and the earnest money was forfeited. The second successful bidder have also failed to deposit security money and forfeited their earnest money. Another tender was floated again in July, 1993. As the tender floated in July, 1993 was not successful, a fresh tender has been called again. The last date for receipt of tender was 25-3-1994. The offers received in response to the tender are presently under evaluation by the Calcutta Telephones.

A decision has also been taken to permit the Calcutta Telephones to go in for a departmental printing without yellow pages. In case the latest tender for telephone directory with yellow pages is not successful. An updated telephone irectory data is kept ready by the Calcutta Telephones so that printing is sorted to by the Department immediately when the situation demands. It is expected that the Calcutta Telephone Directory either with the yellow pages or without yellow pages will be printed departmentally and it will be ready for distribution by December, 1994.

श्री विष्णु कान्त शास्त्री : माननीय सभापति जी, यह पूरा उत्तर अत्यंत असंतोषजनक है। उन्होंने किस-किस संविदाकार के साथ क्या-क्या संविदा किया और कसे उनकी जमानत जब्त कर ली ? क्या इससे कलकत्ता के टेलीफोन उपभोक्ताओं का कोई कष्ट दूर होगा ? पांच साल तक टेलीफोन उपभोक्ता को जो कष्ट दिया

गया है, उसके लिए वे कोई भी सुविधा उनको देने के लिए तैयार नहीं हैं। मैंने यह पूछा कि क्या वे इसके लिए कोई छूट देंगे ? उनका उत्तर है कि चूंकि 197 निःशुल्क सेवा है, इसलिए कोई छूट देने के लिए वह तैयार नहीं हैं।

माननीय सभापति जी, मेरा यह कहना है कि इस बीच में हजारों टेलीफोन नंबर बदल गए हैं और हमारे सारे टेलीफोन उपभोक्ता पुराने टेलीफोन नंबरों पर बार-बार टेलीफोन करते हैं। उनको उसका बार-बार दंड भोगना पड़ता है। उनका समय नष्ट होता है और तब उनको फिर कभी फोन नंबर मिलता है, कभी नहीं मिलता है। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या सुखराम जी ने अपने विभाग द्वारा सारे कलकत्ते को दुःखीराम बनाने का निर्णय कर लिया है ? मैं यह जानना चाहता हूं कि ये जो हमारे बार-बार फोन करने के बाद भी हमारा नुकसान होता है, उसकी भरपाई कैसे होगी ? यह उत्तर बिल्कुल असंतोषजनक है कि चूंकि 197 निःशुल्क सेवा है, इसलिए वे कोई छूट नहीं देंगे। जो गलत फोन होते हैं बदले हुए फोन नंबरों के लिए, उनके लिए कौन उत्तरदायी है ? क्या उनके लिए टेलीफोन उपभोक्ता उत्तरदायी है या टेलीफोन संस्था उत्तरदायी है, इसका आप निर्णय करें।

SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU Mr. Chairman, Sir, I submit that I have given a very detailed reply to the hon. Member, and he is not satisfied with it. I do admit that the non-printing of the telephone directory in Calcutta has caused a lot of inconvenience to the subscribers especially when thousands and thousands of new telephone connections are being added in the metropolitan cities. But as I said earlier, the reasons are beyond our control. We are trying our best to bring out the directory as early as possible in Calcutta ... *(Interruptions)* ... Let me complete.

As far as Telephone No. 197 is concerned, it is normally chargeable. But in Calcutta, it has been made a free call so that subscribers do not have to pay for the calls made to the exchange for getting the number. We regret the inconvenience caused to the subscribers' very much.

The hon. Member had made some reference to the regular Minister. I am not in a position to answer that. But I am sure, very soon the subscribers in Calcutta will be supplied with a telephone directory.

श्री विष्णु कान्त शास्त्री : माननीय सभापति जी, इस विभाग की विश्वसनीयता नष्ट हो गई। इन्होंने मार्च, 1994 में प्रकाशित करने का वचन दिया था। आप अपना पिछला उत्तर देखिए, मार्च, 1994 में ये प्रकाशित हो जाएगी, इसका आपने वचन दिया था। अब आप दिसंबर, 1994 तक की बात कर रहे हैं। आपकी बातों का क्या भरोसा ? उनके वादों का जिक्र उनसे क्यों करूं गालिब ... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : I have called the other Member.

श्री मोहम्मद सलीम : यह सुखराम जी का वचन है ... (व्यवधान)

SHRI ASHOK MITRA : Mr. Chairman, Sir, I failed to understand what the Minister means by "matters beyond his control". Things have come to such a pass that the Chief General Manager, Telephones, Calcutta doesn't know even my telephone number. About three weeks ago, my wife had been summoned by a neighbour. She went over to neighbour's house. She said, "There is a telephone all for you from the office of the Chief Jeneral Manager, Telephones, Calcutta." ;he inquired, "What is the matter?" The official said, "The Minister is supposed to visit Calcutta and we want to invite Mr. Ashok Mitra, Member, Rajya Sabha to a function." He wanted to know my telephone number. I do not understand the things mentioned by the Minister. He has given some alibi.

That does not satisfy our telephone customers. You are in charge of the Ministry of Communications. You have tremendous facilities at your disposal. You can produce the telephone directory within a week, if you want, and you can supply it to us. You do not need to wait till December. But let me add something else. When the hon. Minister was in Calcutta, it is reported, he shifted the blame for the non-availability of the Calcutta Telephone Directory on the people of Calcutta saying, "You did not get me advertisements. Therefore, I refuse to give you the directory." Therefore, I think we are perfectly within our rights to ask politely of the Minister whether the non-availability of the telephone directory is a part of the conspiracy to stifle the commercial and industrial development of Calcutta and West Bengal.

SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU : Sir, even in the reply to the first supplementary, I denied the existence of such a conspiracy. *(Interruptions).* I assure the hon. Member that there is no such conspiracy at all.

SHRI V. NARAYANASAMY : There is a conspiracy in the CPM.

DR. BIPLAB DASGUPTA : It is a very good joke.

SHRI V. NARAYANASAMY : All the employees of the Telephone Department are CPM people.

SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU : 1 can only submit that I shall request the department to produce the directory even earlier than December, as early as possible.

श्रीमती आनन्दी बेन जेठाभाई पटेल : श्रीमान, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को अवगत कराना चाहती हूं कि गुजरात के बड़ौदा डिस्ट्रिक्ट के संखेड़ा तालुका के 70 गांवों की पंचायतों में अन्टेना टेलीफोन योजना लागू की गई है । इसके अंतर्गत हरेश्वर, आनन्दपुरा, सबगुनियां, चंडेश्वर, मांगलौर, लोटिया, मढ़ेली जैसे 70 गांव पंचायतों को इस योजना के अंतर्गत टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध की गई । इस सुविधा को उपलब्ध कराने में एक लाख रुपया खर्च किया गया है । इस योजना के अनुसार दो वर्ष टेलीफोन चले । बाद में कई महीनों से ये टेलीफोन ठप्प हो गए हैं । बार-बार टेलीफोन डिपार्टमेंट से फरियाद करने पर टेलीफोन रिपेयर नहीं किए गए हैं । पंचायत के काम टेलीफोन से निपटते थे, अब टेलीफोन बंद होने से बड़ौदा तक जाना पड़ता है । सरकारी अधिकारी मिलते नहीं हैं । गांवों के छोटे-छोटे काम टेलीफोन से करवा सकते थे, लेकिन अब टेलीफोन बंद होने से कई दिक्कतें उठी हैं । सरपंचों को बड़ौदा बार बार स्वयं जाना पड़ता है लोग परेशान हैं । माननीय मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि ये टेलीफोन तत्काल रिपेयर किए जाएं और सब की परेशानी दूर हो जाए ।

SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU : Sir, we have noted the hon. Member's request. We will take the necessary action.

SHRI MD. SALIM : Mr. Chairman, Sir, it is the right, basic right, of the subscribers who pay money by way of security deposits and who make payments regularly against bills, to get at least one telephone directory.

असल में यह सवाल पूछ रहा हूं कि ये निजीकरण की बात कर रहे हैं । मंत्री महोदय ने एक लिस्ट भेजी । पिछले पांच साल वह निजी कंपनियों के द्वारा जो कलकत्ता टेलीफोन या उनके मंत्रालय की जिम्मेदारी थी, वह विज्ञापन के जरिए मुनाफा कमाकर निजी कंपनियां छाप देंगे, यह जिम्मेदारी उनके हाथ में शिफ्ट कर दी । टेलीफोन सर्विस ने सिर्फ डाइरेक्टरी छापने के लिए कहा और वहां पांच साल में कई कंपनियां आईं । एक ने किया पर सैक्यूरिटी डिपाजिट सब कुछ फोर-फिट हो गया । किसी ने डिरेक्टरी पब्लिश नहीं कि । किसी ने नहीं छापा । लेकिन जो छापा वह गलत छापा, और वह भी डिस्ट्रीब्यूट नहीं हुआ । कलकत्ता टेलीफोन्स को और आपके मंत्रालय को जो दायित्व दिया गया था उसको आपने निजी कंपनियों के द्वारा पूरा करने की कोशिश की, यह मैं मानता हूं, लेकिन उसमें आप सफल नहीं हुए । तो जो सब्स्क्राइबर्स हैं वह किसलिए कष्ट भोगें ? उनको जो सुविधा मिलनी चाहिए, जो उनको संरक्षण मिलना चाहिए उसके लिए क्या वह कंज्यूमर प्रोटेक्शन कोर्ट या अदालत में जाएं आप से फाइन लेने के लिए ? मैं यह पूछ रहा हूं कि यलो पेज का मामला तो अब उठा उसके पहले टेलीफोन विभाग उसे छापते । बड़ी बड़ी कंपनियां छाप सकती हैं लेकिन जहां मुनाफे का काम नहीं है, मुनाफे की जगह नहीं होती वहां आप अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते हैं । आप ने इस सदन को आश्वासन दिया था दिसंबर 1993 में, फिर आपने वादा किया मार्च, 1994 में और आप का यह तीसरी बार आश्वासन है कि दिसंबर 1994 में हो जाएगा । आप और किसी कंपनी से कहेंगे लेकिन जब उन से भी नहीं होगा तो कलकत्ता टेलीफोन्स खुद छापेंगे । जैसे हमारे अशोक मित्र जी ने बताया वह और कंपनियों को देख लेंगे । आपने 197 की बात कही । अगर आप 197 की कोशिश करेंगे तो वह फेसिलिटी सब को उपलब्ध नहीं है । यह फ्री चार्ज का काल है, लेकिन उसके बावजूद भी एक घंटा लाइन में लगना पड़ता है । अंत में जवाब आता है कि यू आर आन दि क्यू । आप को फिर सुपरवाइजर को फोन करना पड़ता है, वह फ्री काल नहीं है । वह मिलना कठिन है । आप नए सब्स्क्राइबर्स बढ़ा रहे हैं लेकिन आप एक डाइरेक्टरी छापने में कामयाब नहीं हो रहे हैं । अब पूरे एक्सचेंज को बदल रहे हैं, फिर भी 197 की सर्विस आप नहीं सुधार पा रहे हैं । . . . (व्यवधान)

मैं यही कहूंगा कि आप के यहां सबसे बड़ी बात है प्राफिटेबिलिटी की । छोटे-मोटे पब्लिशर्स हैं. . . .

MR. CHAIRMAN : Please conclude. It should not be endless like a telephone conversation.

SHRI MD. SALIM : Sir, there is endless queue on 197. Now Private Publishers are publishing booklets containing changed numbers and other information on telephone service which the subscribers are forced to buy them in Calcutta because you are not publishing them. This is in circulation there—three, four booklets. Who is going to compensate for this ? I would like to know whether you are going to compensate for this or whether you will wait till December. I would also like to know whether you will publish it straight by the Calcutta Telephones.

SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU : Sir, I am thankful to the hon. Member for the very lengthy discourse given by him. But he has hardly put any question. What I could cull out of his lengthy discourse is that he wants to know whether we can improve the 197 service. Sir, we will try to increase the number of positions in 197 so that the subscribers will not get the answer, "You are in the queue." I will instruct the Telephone Department at Gdcutta to increase the number of positions in 197.

As regards changed numbers, whenever numbers are changed, the Telephone Department publishes them in the local daily newspapers, and the subscribers are requested to cut it and keep it for reference. In spite of that, if the numbers are not readily available, naturally, they will have to take recourse to 197. If some private companies are publishing them and selling them, it is for the subscribers to decide whether to buy them or not. The only thing the Government department can do is to publish them in daily newspapers whenever there is a change in numbers and request them to preserve the cutting and to use the same for reference in future.

गुजरात में आकाशवाणी केन्द्रों की स्थापना

*404. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान गुजरात के जूनागढ़ और भावनगर शहरों में आकाशवाणी केन्द्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार ने उक्त प्रस्ताव के लिए कितनी राशि का प्रावधान कर रखा है और इन दोनों प्रस्तावित केन्द्रों को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) से (ग) 8वीं योजना के दौरान जूनागढ़ में 2 × 3 कि०वा०एफ०एम०ट्रांसमीटर सहित राष्ट्रीय चैनल के लिए एक रिले केन्द्र स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। परियोजना पर 281.30 लाख रु. की पूंजीगत लागत आने का अनुमान है। वर्ष 1993-94 तथा 1994-95 के लिए बजटीय आबंटन में क्रमशः 76.20 लाख रु० तथा 11.60 लाख रु० का प्रावधान किया गया था। परियोजना हेतु स्थल का पता लगा लिया गया है और परियोजना को 8वीं योजनावधि के दौरान पूरा किए जाने की आशा है। भावनगर में रेडियो केन्द्र स्थापित करने संबंधी कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल : श्रीमन्, मैं आप के माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि शायद मंत्री जी को पता होगा कि जो जूनागढ़ का शहर है उस का उल्लेख जूनादुर्ग के नाम से पुराणों में भी है, उपनिषदों में भी है। वहां सिर्फ रिले स्टेशन देने की वजह से यह पूरा इतिहास या संस्कृति हम वहां नहीं दे पाएंगे। क्या रिले के अलावा वहां स्थानिक कार्यक्रम भी दिये जा सके क्या ऐसा मंत्रालय सोच रहा है ?

दूसरा मेरा सवाल यह है कि आपने 281 लाख रुपए एयरमार्क किये। आपने अभी बताया कि 1990 से 1994 तक 76 लाख रुपया खर्च होगा और 11 लाख 1994 में खर्च होगा। यह कुल मिलाकर 87 लाख रुपये होते हैं और आपने कुल जो रकम रखी है वह 281 लाख रुपये हैं। तो यह देखते हुए लगता नहीं है कि आप इसको पूरा कर पायेंगे ।

Are you in a position to give a date or a month or a year by which the Radio Station shall start ?

SHRI K. P. SINGH DEO : Sir, I have just mentioned in the main reply that the site of the project has been identified. Sir, twice before, the Sites were identified but unfortunately those lands had not been made available. Only if this third site which has been identified is handed over to the Ministry of I&B, can the project start; otherwise, it will be very difficult for me to give a hypothetical date because unless I have the land in my possession, I cannot start the project.

As far as the cultural aspect which he was mentioning is concerned, it is our endeavour to have facilities wherever there